भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 43
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विजयवाड़ा विमानपत्तन पर काम

***43. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विजयवाड़ा विमानपत्तन पर जो कार्य प्रारम्भ में मार्च, 2023 में पूरा किया जाना था, अब वह कार्य जून, 2024 तक पूरा होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि इस कार्य को अप्रैल, 2020 में स्वीकृति प्रदान की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस परियोजना की लागत में और वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या यह भी सच है कि 347 करोड़ रुपए की मूल लागत में से एक रुपया भी व्यय नहीं किया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ङ) **:** विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"विजयवाड़ा विमानपत्तन पर काम" के संबंध में श्री बालाशौरी वल्लभनेनी द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 25.07.2024 के मौखिक प्रश्न संख्या 43 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर 611.80 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से नए एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण और संबंधित कार्यों की परियोजना का मूल्यांकन मार्च 2020 में सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआईबी) द्वारा किया गया था और जून 2020 में इसे भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हुआ।

जून 2024 तक, इस परियोजना ने 48.5% की भौतिक प्रगति हुई है और जून 2024 तक 279.93 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है। इस परियोजना में आज तक कोई लागत वृद्धि नहीं हुई है।

इस परियोजना में विलंब मुख्य रूप से पर्यावरणीय मंजूरी मिलने में देरी और कोविड-19 महामारी, कई चक्रवात और असामान्य रूप से अत्यधिक वर्षा जैसी अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुआ। कार्य के पूरा होने की अनुमानित समयसीमा जून, 2025 है। तथापि, वास्तविक समय-सीमा विभिन्न कारकों जैसे कि संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा अनिवार्य अनुमोदन और मंजूरी की उपलब्धता, बाधाओं को दूर करने, वित्तीय समापन आदि पर निर्भर करती है।

****